जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्रमांक : जीवि/परीक्षा–2/गोप./2012/1148 दिनांक 03/06/2012

/ / संशोधित–अधिसूचना / /

सर्वसंबंधितों के सूचनार्थ यह अधिसूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय की **एम.कॉम. चतुर्थ सेमेस्टर (नियमित एवं एटीकेटी) परीक्षा जून** 2012 की परीक्षा में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों के लिये परीक्षा आवेदन–पत्र भरने की तिथियां **(महाविद्यालय एवं अध्ययनशालाओं हेतु)** निम्नानुसार घोषित की जाती हैंः–

विवरण	परीक्षा आवेदन–पत्र प्रस्तुत करने वाली कक्षाओं के नाम, दिनांक एवं परीक्षा शुल्क का विवरण	
	तिथि एवं शुल्क विवरण	एम.कॉम.
परीक्षा आवेदन–पत्र नियमित शुल्क के साथ जमा करने की अंतिम तिथि	तिथि	07–06–2012
	नियमित छात्र का परीक्षा शुल्क	रूपये 1235/–
	भूतपूर्व छात्र का परीक्षा शुल्क	रूपये 1535/–
	एटीकेटी छात्र का परीक्षा शुल्क	रूपये 600/– प्रति पेपर
परीक्षा आवेदन–पत्र विलम्ब शुल्क रूपये 500/– के साथ महाविद्यालय में प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि	तिथि	09–06–2012
वेबसाइट पर अपडेट (Update) किये हुये परीक्षा आवेदन–पत्र की एक कॉपी प्रिन्ट आउट निकाल कर महाविद्यालय द्वारा जांचोपरांत अग्रेषित कर विश्वविद्यालय कार्यालय में भेजने की अंतिम तिथि	तिथि	11–06–2012

-----2

विशेष नोट :-

1. उपरोक्त परीक्षाओं हेतु परीक्षार्थियों के परीक्षा आवेदन-पत्र समस्त महाविद्यालयों को विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.jiwaji.edu पर उपलब्ध करा दिये गये हैं। संबंधित महाविद्यालय आवेदन-पत्रों को वेबसाइट से डाउनलोड कर छात्रों को वितरित करें तथा छात्रों के परीक्षा आवेदन-पत्र वेबसाइट पर अपडेट करने के उपरांत अपडेट किये आवेदन-पत्रों की एक कॉपी प्रिन्ट आउट निकालकर अग्रेषित कर विश्वविद्यालय कार्यालय में संबंधित कक्षा प्रभारी/कर्मचारी के पास निश्चित तिथि तक जमा करायें।
2. **उपरोक्त वर्णित परीक्षा शुल्क के अतिरिक्त परीक्षा आवेदन-पत्र शुल्क नियमित छात्र 60/-, एटीकेटी/भूतपूर्व छात्र 80/- रूपये, एवं अग्रेषण शुल्क 50/- प्रति छात्र तथा परीक्षा संचालन शुल्क 100/- प्रति छात्र संग्रहित किया जाना है। उपरोक्त शुल्कों की राशि को परीक्षा शुल्क के साथ चालान फार्म में जोड़कर दर्शाया गया है।**
3. समस्त प्राचार्यगण परीक्षा आवेदन-पत्रों को अग्रेषित करते समय यह अनिवार्य रूप से सुनिश्चित कर लें कि विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित विषय-समूहों के अनुसार ही छात्र द्वारा परीक्षा आवेदन-पत्र में विषय दर्शाये गये हैं अथवा नहीं। यदि इसमें कोई त्रुटि होती है तो संबंधित प्रभारी प्राध्यापक/कर्मचारी एवं प्राचार्य व्यक्तिगत रूप से उत्तरदायी होंगे। साथ ही परीक्षा आवेदन-पत्र के साथ अर्हकारी परीक्षा की अंकसूचियां महाविद्यालय द्वारा प्रमाणित की हुई आवश्यक रूप से संलग्न करें।
4. **समस्त प्राचार्यगण यह भी सुनिश्चित करें कि परीक्षा आवेदन-पत्रों को अपडेट करते समय समस्त मांगी गयी जानकारियां पूर्ण की जायें तथा छात्र का फोटो एवं हस्ताक्षर अनिवार्य रूप से अपडेट किया जाये।**
5. **स्नातकोत्तर एम.कॉम. चतुर्थ सेमेस्टर परीक्षा जून 2012 की परीक्षायें दिनांक 12 जून, 2012 से प्रांरभ होना प्रस्तावित हैं। जिसका विस्तृत परीक्षा कार्यक्रम पृथक से घोषित किया जावेगा।**

कुलसचिव,

पृष्ठांकन क्रमांक : जीवि/परीक्षा-2/गोप./2012/1149 दिनांक : 03/06/2012

प्रतिलिपि :-

1. समस्त प्राचार्य, सम्बद्ध महाविद्यालय, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर को आवश्यक कार्यवाही कर परीक्षा कार्य में सहयोग प्रदान करने हेतु प्रेषित।
2. उप/सहायक-कुलसचिव (परीक्षा/गोपनीय), जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
3. वित्ताधिकारी, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
4. कुलपति के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
5. कुलसचिव के निज सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
6. इंचार्ज इन्टरनेट प्रभारी, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
7. पूछताछ कक्ष, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
8. इंचार्ज संबंधित कक्षा के प्रभारी, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर



उप-कुलसचिव (परीक्षा/गोपनीय)